## एक नजर में

### कलेक्टर ने अधिक समय से लंबित 15 आवेदनों पर संबंधित विभाग प्रमुख की उपस्थिति में की सुनवाई

**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा जनसुनवाई के ऐसे आवेदन जो अधिक समय से लंबित है, पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर कक्ष में संबंधित आवेदनकर्ता एवं संबंधित विभाग प्रमुख की उपस्थिति में समस्या को सुना तथा आवेदको एवं विभाग प्रमुखों से समक्ष मे चर्चा कर आवेदनों का निराकरण किया गया। 15 लंबित आवेदनों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान 9 आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया एवं शेष आवेदनों का निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को सात दिवस की समयसीमा दी गई ।

### जिला आपदा प्राधिकरण द्वारा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का कार्यशाला आयोजित



**रतलाम।** जिला आपदा प्राधिकरण रतलाम द्वारा जिला दंडाधिकारी मिशा सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक रूप से होने वाली आपदा संबंधी घटनाओं से बचाव हेतु अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव के नेतृत्व में संकट मोचन बल सेफ्टी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा आज 20 जनवरी को होटल समता सागर में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। संकट मोचन बल सेफ्टी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मुंबई, महाराष्ट्र से आए हुए प्रशिक्षक, एसडी फनसालकर इंडियन नेवी, इमरान अहमद इंडियन नेवी, मैनेजर मनीष झा, ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर इच्छांशु वाजपेयी के द्वारा अग्नि बचाव एवं राहत तकनीक की जानकारी कार्यशाला में दी गई । एसडीआरएफ ,होमगार्ड ,सिविल डिफेंस वालंटियर, नगर निगम अग्नि शमन दल के सदस्यों को आगजनी के प्रकार एवं बचाव से संबंधित सभी उपकरणों की हैंडलिंग व तकनीक की जानकारी दी गई। विभिन्न आपदाओं से राहत एवं बचाव का प्रशिक्षण 20 जनवरी से 02 फरवरी तक दिया जाएगा। जिसमें जिले की विभिन्न तहसीलो एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव, जिला डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड आपदा प्रबंधन श्रीमती रोशनी बिलवाल, प्लाटून कमांडर श्रीमती ज्योति बघेल एवं सिविल डिफेंस के 10 जवान एसडीआरएफ के 10 जवान, होमगार्ड विभाग के 6 जवान सिविल डिफेंस के 10 जवान, नगर निगम के 8 कर्मचारी उपस्थित थे ।

# कार से ले जा रहे थे लाखों रूपए का डोडाचूरा, दो गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले की नामली पुलिस ने सूचना पर अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा की तस्करी करते हुए दो आरोपियों को पकडने मे सफलता मिली। आरोपियों से 90 किलो 800 ग्राम डोडाचुरा सहित कार जब्त की।

**थाना नामली पुलिस की कार्रवाई, 90 किलो 800 ग्राम डोडाचुरा सहित कार जब्त**

एसपी अमित कुमार के निर्देशन व एएसपी रतलाम शहर राकेश खाखा, अनुविभागीय अधिकारी किशोर पाटनवाला के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी नामली गायत्री सोनी के नेतृत्व में मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई की। पत्रकारवार्ता में बताया कि मंगलवार सुचना पर कार्यवाही करते हुये घटना स्थल रतलाम मंदसौर हाईवे , पंचेड़ फण्टा नामली के पास से आरोपी अशोक पिता चेनाराम विश्नोई उम्र 28 साल निवासी सियोगो की धाणी पीलवा फतेसागर जिला फलोदी राजस्थान व रामजस पिता मांगी लाल विश्नोई उम्र 20 साल निवासी ग्राम जेसला थाना भोजासर जिला जोधपुर राजस्थान के कब्जे से एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुए 06 बोरो मे भरा डोडाचुरा कुल वजन 90.800 कि.ग्रा. कीमती 2,80,000/– रूपये व घटना मे प्रयुक्त सफेद रंग की आई 20 कार नम्बर एमएच 04 जीजेड 5511 किमती 5,00,000/– रूपये कुल किमती 7,80,000/–रू को जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर आरोपियो के विरुद्ध थाना नामली पर अपराध क्र.19/25 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपियो को न्यायालय पेश कर पीआर प्राप्त कर अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा लाने ले जाने के सम्बंध मे पूछताछ की जाकर विवेचना की जा रही है।



**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

निरी. गायत्री सोनी थाना प्रभारी नामली, उनि कन्हैया अवास्या ,सउनि प्रदीप शर्मा ,सउनि हिरालाल चन्दन, प्र.आर .नारायणसिह जादौन, प्र.आऱ.दिलीप रावत, प्र.आऱ. गोपाल खराडी, प्र.आऱ. शैलेष ठकराल, आऱ.माखनसिह, आऱ.राघवेन्द्र जाट , आर.धर्मेन्द्र मईड़ा , आऱ.विकास जादौन की महत्वपुर्ण भुमिका रही । पुलिस अधीक्षक रतलाम द्वारा टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की है ।

# एसडीएम ने प्रस्ताव ठुकराया तो विधायक ने स्थापित करवाई प्रतिमा



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** जिले के सैलाना विधानसभा क्षेत्र के बाजना अंचल के राजापुरा गांव में टंटिया भील की प्रतिमा स्थापित करने के लिए ग्राम सभा का प्रस्ताव और अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर ग्रामवासी सैलाना एसडीएम को सूचना देने पहुंचे थे। सैलाना एसडीएम ने पेसा नियम 2022 के विरुद्ध ग्राम सभा की कार्यवाही को अवैध करार देते हुए मूर्ति स्थापना की अनुमति के लिए पुरातत्व विभाग आदि के एनओसी के सुझाव दे डाले थे। विधायक कमलेश्वर डोडियार को प्रतिमा स्थापना में एसडीएम के रवैये का पता चलने पर स्वयं ग्रामवासियों के साथ राजस्थान के तलवाड़ा से टंटिया भील की प्रतिमा को लाकर देर रात करीब ढाई बजे स्थापित कर दिया। विधायक के साथ प्रतिमा स्थापना के दौरान जिला पंचायत सदस्य शरद डोडियार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कविता भगोरा, आदिवासी छात्र संगठन के पूर्व अध्यक्ष ध्यानवीर डामोर, जयस भील एकता मिशन संगठन के प्रदेश सचिव मांगू सिंह सिंगाड, कनीराम सिंगाड़, भुरजी, भानजी आदि मौजूद रहे।

**विधायक ने रात ढाई बजे स्थापित करवाई टंटिया भील की प्रतिमा**

**25 जनवरी को प्रतिमा अनावरण,जनजागृति कार्यक्रम होगा**

विधायक ने बताया कि अनुसूचित क्षेत्र में पेसा नियम का एक-एक अक्षर लागू करेंगे क्षेत्रवासियों को लगातार कानूनी रूप से जागरूक करेंगे ताकि आदिवासी इलाके में राजनीति से प्रेरित कर्मचारियों के हस्तक्षेप को मिटाया जा सके। देर रात करीब दो बजे तलवाड़ा जिला बांसवाड़ा से जनजातीय क्रांतिकारी टंटिया मामा की प्रतिमा लेकर राजापुरा गांव पहुंचे क्षेत्रिय विधायक कमलेश्वर डोडियार ने कहा कि 25 जनवरी को प्रतिमा अनावरण एवं जनजागृति कार्यक्रम आयोजित होगा। विधायक ने क्षेत्र के ग्रामीण जनों को अनावरण में शामिल होने का आह्वान किया ।

# महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष हत्या के संदिग्ध को ढूंढने आई महाराष्ट्र पुलिस खाली हाथ लौटी

**रतलाम।** महाराष्ट्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष हिदायतुल्ला पटेल की हत्या के मामले में महाराष्ट्र पुलिस मंगलवार दोपहर रतलाम पहुंची। पुलिस को हत्या की साजिश में शामिल एक आरोपी के रतलाम में छिपे होने की सूचना मिली थी। लेकिन शाम को पुलिस का दल खाली हाथ लोटा।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जनवरी को महाराष्ट्र के अकोला जिले की अकोट तहसील के मोहला क्षेत्र में हिदायतुल्ला पटेल पर चाकू से हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल हिदायतुल्ला पटेल की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने उबेद खान पिता कालू खान उर्फ रजीक खान पटेल (22) अकोट तहसील महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हत्या पुराने विवाद के चलते की गई थी। हालांकि जांच के दौरान पुलिस को आशंका है कि इस हत्याकांड की साजिश में अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। इसी क्रम में एक संदिग्ध आरोपी के रतलाम में छिपे होने की जानकारी मिलने पर महाराष्ट्र पुलिस की टीम रतलाम पहुंची। मंगलवार दोपहर महाराष्ट्र पुलिस के जवान सबसे पहले स्टेशन रोड थाना पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर मुकेश सस्तिया एवं पुलिस बल के साथ टीम महावीर नगर क्षेत्र पहुंची और वहां दो मकानों पर तलाशी ली गई। हालांकि तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगा। तलाशी के बाद महाराष्ट्र पुलिस की टीम वापस रवाना हो गई।

# एसआईआर कार्य के अंतिम चरण में सतत जागरूक रहें कार्यकर्ता : कैबिनेट मंत्री काश्यप



**रतलाम।** एसआईआर कार्य का अंतिम दौर शुरू हो चुका है। भाजपा कार्यकर्ता इसमें सतत जागरूक रहे और दावे-आपत्ति के साथ फार्म 6, 7, 8 की प्रक्रिया गंभीरता से पूर्ण कराए। कोई भी पात्र मतदाता एसआईआर की प्रक्रिया से अछूता न रहे। यह बात सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने रतलाम शहर विधानसभा में अब तक हुए एसआईआर कार्य की जानकारी ली। उन्होने शहर के पांचों मंडलों की जानकारी प्राप्त की और अब तक हुए कार्य पर संतोष जताया। बैठक में एसआईआर जिला टोली संयोजक नितिन लोढ़ा ने अंतिम दौर में होने वाली प्रकिया की जानकारी दी। विधानसभा संयोजक जयंवत कोठारी ने विधानसभा में अब तक किए गए कार्य की जानकारी दी। बैठक के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, नंदकिशोर पंवार, सोना शर्मा, मयूर पुरोहित, मंडल महामंत्री हेमंत राहोरी, सुबेंद्र गुर्जर, विवेक शर्मा, संदीप मौर्य, आकाश खड़के, भावना गुर्जर, आयुषी सांखला, शुभम चौहान, निखिल बोरीवाल आदि उपस्थित रहे।



# महिला मंडल ने मनाया मकर संक्रांति और बसंत पंचमी पर्व

**रतलाम।** सर्व ब्राह्मण महासभा महिला मंडल ने शीतल तीर्थ पर एकत्रित होकर मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया साथ ही पीले वस्त्र धारण कर मात्र शक्तियों ने बसंत पंचमी पर्व का भी आगाज किया। कार्यक्रम डायनेमिक अध्यक्ष श्रीमति कौशल्या त्रिवेदी संरक्षक, अनीता दवे सचिव कविता राजपुरोहित को मंचासीन करने के साथ प्रारंभ हुआ। सदन में उपस्थित सभी सखियों को गुलाब के फूल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज अध्यक्षाओ, मीनाक्षी रावल नागर ब्राह्मण समाज, राधा व्यास पारीक ब्राह्मण समाज, नमिता शुक्ला मोड ब्राह्मण समाज, कविता पुरोहित, पुरोहित ब्राह्मण समाज का दुपट्टा माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष कौशल्या त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में आगामी योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग, प्रेम स्नेह और आशीर्वाद से ही मैं अपने कार्य योजनाओं को सफलतापूर्व कर पा रही हूं। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बहनों की तरफ से सभी को कंकू हल्दी कर सुहाग सामग्री भेंट की। इस कार्य में सहयोगी सखियां रही । सुधा पाराशर, भावना पुरोहित, सीमा भारद्वाज, कुसुम शर्मा, कीर्ति पांडे, किरण उपाध्याय, कविता तिवारी, मीनू, रानू त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मधु द्विवेदी की ओर स्वल्पाहार कराया गया। वेल ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम संतोष राजपुरोहित व पूजा दवे रही। सुश्री सरोज ओझा व मधु द्विवेदी ने निर्णायक का दायित्व निभाया। श्रीमती अनीता दवे ने आभार माना। संचालन संतोष जोशी ने किया।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 1200 खिलाड़ियों ने की प्रतिस्पर्धा



**रतलाम।** संचालनालय, खेल और युवा कल्याण म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार खेलो एम पी यूथ गेम्स का जिला स्तरीय आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग रतलाम द्वारा किया गया। जिसका समापन 20 जनवरी को हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विकासखण्ड रतलाम, जावरा, सैलाना, पिपलौदा, आलोट, बाजना से लगभग 1200 से अधिक खिलाडियो ने सहभागिता की। आज प्रात: कॉलेज ग्राउण्ड से टार्च रैली निकाली गई। रैली को जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, कलेक्टर मिशा सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया । रैली विभिन्न मार्गो से होते हुए नेहरू स्टेडियम पोलो ग्राउंड पर संपन्न हुई। तत्पश्चात विभिन्न खेल मैदानो पर खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक अमितकुमार, के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को शील्ड ,मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों का जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रुचि शर्मा द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रूचि शर्मा द्वारा दिया गया। खिलाड़ियों को जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक अमितकुमार द्वारा संबोधित कर शुभकामनाएं दी गई । इस अवसर पर विभिन्न खेल संघ संस्थाओ के पदाधिकारी एवं विभाग के प्रशिक्षक, युवा समन्वयक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र धुलिया द्वारा किया गया एवं आभार दुर्गाशंकर मोयल ने माना।



# तेज रफ्तार कार घर में घुसी, भोजन कर रहे व्यक्ति घायल



**नवभारत न्यूज**

**आलोट।** रात में अनियंत्रित होकर एक कार घर में घुस गई। इससे भोजन कर रहे व्यक्ति हादसे का शिकार हो गए। घायल होने पर ग्रामीणों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। बीती रात ग्राम रिछा के रोड किनारे बने विजय सिंह पिता बापू सिंह (55) के पक्के मकान में शिफ्ट डिजायर कार घुस गई। कार की गति इतनी तेज थी कि कार दीवार तोड़कर अंदर पहुंच गई। हादसे के समय दंपति घर में भोजन कर रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वजे सिंह के दोनों पैर टूट गए और उनकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार में बैठे चालक, उसके साथी को बाहर निकाला। इस दौरान कुछ लोग बाइक पर उन्हें उपचार कराने का कहकर फरार हो गए। वहीं घायल दंपति को तड़पते छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से दोनों को पहले निजी अस्पताल और बाद में शासकीय अस्पताल आलोट लाया। हालत गंभीर होने पर उज्जैन रेफर किया। इनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्विफ्ट गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं थी, पुलिस ने वाहन जब्त कर थाने में खड़ा करवाया है।

# सप्तशक्ति संगम में गूंजा मातृशक्ति का संदेश, संस्कार और पर्यावरण पर विशेष जोर



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** सरस्वती शिशु मंदिर, कश्मीरी गली द्वारा संचालित संस्कार केंद्र पर सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य शीला जैन,

**सरस्वती शिशु मंदिर, कश्मीरी गली संस्कार केंद्र पर हुआ आयोजन**

विशेष अतिथि सरोज सांखला तथा अध्यक्ष के रूप में मनीषा गंगवाल उपस्थित रहीं। अतिथियों का परिचय संस्कार केंद्र संचालक सपना सोलंकी ने कराया। मंजु सोलंकी, प्रमिला टुकड़िया, सोनाली शिंदे एवं आयुषी द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। हरेन्द्रकुँवर चौहान ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए सप्तशक्ति संगम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रतीक्षा उपाध्याय एवं आरती रावल ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया, वहीं उषा पांचाल ने ओजपूर्ण कविता सुनाई। मुख्य अतिथि शीला जैन ने अपने उद्बोधन में कुटुम्ब प्रबोधन, संस्कार निर्माण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को विस्तार से समझाया। विशेष अतिथि सरोज सांखला ने भारत के विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम में सोनम जटिया, मनीषा भारतीया एवं पलक जयंत द्वारा वीरांगनाओं पर आधारित प्रभावी प्रस्तुति दी गई, जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर विशिष्ट माताओं सरिता कदम, विमला कदम एवं कांताबाई राठौड़ का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। ब्रजबाला कदम ने मातृशक्ति कार्यक्रम से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी पहल बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में मनीषा गंगवाल ने मातृशक्ति के दायित्वों और संस्कार केंद्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि शीला जैन ने उपस्थित समस्त मातृशक्ति को सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का संकल्प दिलाया। संचालन रीना ओरा ने किया। आभार ममता सोनी ने माना।

**आयोजन** — वार्षिक सम्मेलन में पेंशनरों के हितों की सुरक्षा व संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

# पेंशन शासकीय प्रक्रिया नहीं सक्रियाता, समाजोपयोगी बने रहने का माध्यम

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** पेंशन एक शासकीय प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि सेवानिवृत्ति के बाद भी व्यक्ति को सक्रिय, सृजनशील और समाजोपयोगी बने रहने का माध्यम है। पेंशनर को अपने अनुभव और ऊर्जा का उपयोग समाजहित में निरंतर करते रहना चाहिए।

उक्त विचार पेंशनर्स समाज शाखा जावरा के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ सी.एम. मेहता, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कालूखेड़ा ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि भारतीय स्टेट बैंक शाखा जावरा के मुख्य प्रबंधक संतोष वर्मा ने पेंशनरों को बैंकिंग संबंधी हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पेंशनर संघ रतलाम के अध्यक्ष सुरेन्द्र छाजेड़ ने की। उन्होंने कहा कि पेंशनरों को एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी तथा शासन की प्रतिकूल नीतियों का संगठित रूप से विरोध करना होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सरस्वती वंदना वरिष्ठ सदस्या कलावती शर्मा ने प्रस्तुत की।

अतिथियों का स्वागत शाखा अध्यक्ष देवीशरण शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष हरिसिंह चन्द्रावत, डॉ ए.एन. पालीवाल, अम्बालाल चौधरी, केसरीमल कासोट, अभय श्रीवास्तव, शाद मोहम्मद खान, मांगीलाल जेलवाल एवं राधेश्याम धनोतिया सहित अन्य सदस्यों ने किया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सत्यनारायण वर्मा, मदनलाल पंचावत, सरदारमल धारीवाल, ओमप्रकाश पाठक, शकुन्तला बैरागी, गीतादेवी सोनी, निरंजना श्रोत्रिय आदि शामिल थे। स्वागत भाषण अवधनारायण पालीवाल ने दिया, जबकि संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन सचिव रामनिवास शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया।



### वरिष्ठ सदस्यों का किया सम्मान, 29 लगेगा स्वास्थ शिविर

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य महेश जोशी, हरिसिंह चन्द्रावत, मधुसूदन त्रिवेदी तथा शहजाद खान का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही गत वर्ष दिवंगत हुए सदस्यों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि आगामी 29 जनवरी 2026 को पेंशनर्स समाज शाखा जावरा द्वारा सभी पेंशनरों एवं नागरिकों के लिए नि:शुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं औषधि वितरण किया जाएगा। संचालन ओमप्रकाश त्रिवेदी ने किया। आभार कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रावत ने माना।